सेवा मे,

माननीय अध्यक्ष महोदय,
हरियाणा विधानसभा,
चण्डीगढ़।

विषयः– हरियााणा विधानसभा के प्रकिया व कार्य संचालन सबंधी नियमों के नियम 73 के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय,

मै इस महान सदन का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण लोकहित विषय की और दिलवाना चाहता हूँ। महोदय, बीते जुलाई महीने में भारी वर्षा के कारण हथनी कुंड बैराज से 360000 क्युसिकस पानी छोड़ा गया, जिसके कारण यमुना नदी के बांध के अदंर का क्षेत्र जलमग्न हो गया। कुछ स्थानों पर बाढ़ का पानी ठोकरों तथा बांध को तोड़कर खेतों तथा आबादी क्षेत्र मे भी चला गया जिससे **यमुना क्षेत्र के किसानों की फसलों तथा जान–माल का भारी नुकसान हुआ**। मेरे विधानसभा घरौण्डा के गांवों मे बाढ़ के पानी ने उतरते हुए काफी भूमि कटाव किया जिससे सैंकड़ों एकड़ उपजाऊ भुमि नदी मे समा गई और नदी का बहाव बिल्कुल बांध के साथ लग गया। प्रशासन व सिचांई विभाग द्वारा बाढ़ रोकथाम का कार्य तत्परता से किये जाने के कारण बांध टुटने से बचा, लेकिन यह पाया गया कि बाधों तक पक्के रास्ते ना होने के कारण भी बाढ़ बचाव कार्यो मे देरी हुई। इसलिए बांध तथा उस तक जाने वाले रास्ते पक्के हाने जरूरी हैं। भविष्य में लोगों को बाढ़ की मार से बचाने के लिए प्रभावी बाढ़ बचाव योजना बनाई जानी अति आवश्यक है।

मेरा सुझाव है कि यमुना क्षेत्र के लिए **''राज्य स्तरीय समिति'' बनाकर एक ठोस योजना बनाई जाए** ताकि यमुना नदी के बांध मजबुत किये जा सकें। **योजना बनाने में उत्तरप्रदेश द्वारा किए गए बाढ़ बचाव कार्यो का भी अवलोकन हो तथा IIT रूढकी की नदी विशेषज्ञ टीम की भी सलाह ली जाये।**

धन्यवाद

24.08.2023.

हरविन्द्र कल्याण,
विधायक घरौण्डा।

Harvinder Kalyan
MLA Gharaunda (Knl)